महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान एवं सांस्कृतिक समझ को विकसित करने के उद्देश्य से कुल्लू-मनाली का एक शैक्षणिक भ्रमण (10.04.2026 – 15.04.2026) आयोजित किया गया। इस भ्रमण में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे एक यादगार अनुभव बताया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कुल्लू-मनाली के स्थानीय स्थलों का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने स्थानीय जीवनशैली, पारंपरिक रीति-रिवाजों तथा लोक संस्कृति को नजदीक से देखा और समझा। छात्रों ने नाग्गर स्थित प्रसिद्ध रूसी कलाकार जॉर्ज डे रोरिच के अनुसंधान एवं वैज्ञानिक संग्रहालय (नग्गर संग्रहालय) का भी दौरा किया, जहाँ उन्हें कला, संस्कृति और शोध से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने कुल्लू के प्राचीन मंदिरों का दर्शन किया, जिससे उन्हें क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी मिली। कोकसर में विद्यार्थियों ने बर्फ से जुड़े विभिन्न खेलों का आनंद लिया, जो उनके लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव रहा। भ्रमण का एक महत्वपूर्ण भाग सेथन गाँव में पदयात्रा (ट्रेकिंग) रहा, जहाँ छात्रों ने प्राकृतिक सौंदर्य के बीच साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान उनमें सामूहिक कार्य, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्रों ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक, रोचक और प्रेरणादायक बताया। अंत में सभी छात्र सुरक्षित रूप से वापस लौटे और अपने साथ अविस्मरणीय अनुभवों की स्मृतियाँ लेकर आए । इस भ्रमण के प्रभारी लोक प्रशासन विभाग के प्राध्यापक डॉ. समुंदर सिंह रहे।